अंकित गौरहा

प्रदेश महासचिव - युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़
पूर्व सदस्य - जिला पंचायत बिलासपुर
पूर्व सभापति - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
पूर्व उपाध्यक्ष व प्रवक्ता - जिला कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर

Mob. : 9584699999
9300276665
E-mail : ankit.gourha@gmail.com

क्रमांक............ दिनांक 15-05-2026

प्रति,

श्रीमान नगर निगम आयुक्त,
जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

विषयः— अशोकनगर—बिरकोना मार्ग एवं सीपत चौक से राजकिशोर नगर मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति, दुर्घटनाओं, धूल—कीचड़ की समस्या तथा निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ज्ञापन।

महोदय,

सविनय निवेदन है, कि बिलासपुर शहर के अशोकनगर—बिरकोना मार्ग एवं सीपत चौक से राजकिशोर नगर मुख्य मार्ग की स्थिति लंबे समय से अत्यंत खराब एवं खतरनाक बनी हुई है। इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों नागरिक, स्कूली बच्चे, कर्मचारी, व्यापारी एवं आमजन आवागमन करते हैं, किन्तु सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानियों एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

अशोकनगर—बिरकोना मार्ग पर गर्मी के दिनों में अत्यधिक धूल उड़ने से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं, वहीं बारिश के समय सड़क पर कीचड़ एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। कई स्थानों पर बड़े—बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

इसी प्रकार सीपत चौक से राजकिशोर नगर मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण एवं खुदाई कार्य के बाद कई स्थानों पर गहरे गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, संकेतक एवं बैरिकेडिंग नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में कई हादसे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुए हैं, जिससे स्पष्ट है, कि संबंधित विभागों की लापरवाही आमजन की जान पर भारी पड़ रही है।

इसके अतिरिक्त वर्तमान अशोक नगर में किए जा रहे नाली निर्माण कार्यों में भी गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। कई स्थानों पर निम्न स्तरीय सामग्री के उपयोग एवं तकनीकी मानकों की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं, जिससे भविष्य में निर्माण कार्य के शीघ्र क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्र की जनता द्वारा कई बार संबंधित विभागों का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकर्षित कराया गया, किन्तु अब तक कोई प्रभावी एवं स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इससे आमजन में भारी आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है किः—

1. अशोकनगर—बिरकोना मार्ग एवं सीपत चौक से राजकिशोर नगर मुख्य मार्ग का तत्काल संयुक्त निरीक्षण कराया जाए।
2. जर्जर सड़कों की शीघ्र मरम्मत एवं स्थायी निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।
3. खुले गड्ढों वाले स्थानों पर तत्काल सुरक्षा बैरिकेडिंग, संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
4. धूल नियंत्रण हेतु नियमित पानी छिड़काव कराया जाए।

5. निर्माणाधीन नाली एवं सड़क कार्यों की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए।
6. निर्माण कार्य में दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।
7. दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

साथ ही निवेदन है, कि यदि 15 दिनों के भीतर उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही प्रारंभ नहीं की जाती है, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग की होगी।

जनहित एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय

अंकित गौरहा